# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## –:: कार्यालय आदेश ::–

राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधिनस्थ)सेवा नियम 2021 के नियम 31 के प्रावधानान्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा ग्रेड–I पद पर आदेश कमांक–शिविरा–माध्य/संस्था/डीपीसी/पी–1/6004/चयन प्रा.शा.शि./2022–23 दिनांक–25.04.2023 के द्वारा वर्ष 2022–23 की रिक्तियों के विरूद्व आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में की गई अनुशंसा के आधार पर अंकित विवरणानुसार चयन किये जाने पर चयनित अभ्यर्थियों को प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा ग्रेड–I के पद पर पदोन्नति पर पदरथापन हेतु आयोजित परामर्श शिविर में अनुपरिथत रहे 08 कार्मिकों को वेतन लेवल 12 में पदौन्नति प्रदान कर उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर पदस्थापित किया जाता है।

कार्मिक (क–2) विभाग, राजस्थान, जयपुर की अधिसूचना क्रमांक एफ7(1)कार्मिक/क–2/95/पार्ट दिनांक 16.03.2023 के अनुसार यदि किसी कार्मिक के दिनांक 01.06.2002 को अथवा उसके पश्चात संतानोत्पति के फलस्वरूप कुल संतानो की संख्या 02 से अधिक हो तो ऐसे कार्मिक तीन पश्चातवर्ती वर्षों के लिए वार्षिक वेतनवृद्धि काल्पनिक रूप से देय होगी और ऐसे तीन वर्षों के पश्चता उसे ऐसी वेतनवृद्धियों के वास्तविक लाभ अनुज्ञेय होंगे तथापि ऐसी काल्पनिक वेतन वृद्वियों के लिए कोई बकाया संदत नहीं किया जायेगा। संबंधित संस्था प्रधान इन्हें पदोन्नति पर कार्यग्रहण करवाने से पूर्व उत्पन्न संतानों के सम्बन्ध में शपथ पत्र आवश्यक रूप से प्राप्त कर लेवें। संस्था प्रधान/नियन्त्रण अधिकारी कार्यमुक्त/कार्यग्रहण कराने से पूर्व पदोन्नत कार्मिक के नाम, वरिष्ठता क्रमांक/वर्ष, वर्तमान धारित पद, जन्म तिथि एवं धारित अर्हता का मिलान करना आवश्यक रहेगा। अन्यथा रिथति में कार्यमुक्त/कार्यग्रहण नहीं कराते हुए निदेशालय को रजिस्टर्ड डाक से एवं विभागीय ई–मेल so.csection@gmail.com से तुरंत सूचित करेंगे।

पदोन्नत कार्मिक यदि अपनी पदोन्नति का परित्याग करना चाहता है, तो लिखित में प्रार्थनापत्र दिनांकः 21.07.2023 तक संस्था प्रधान को प्रस्तुत करेगा और संस्था प्रधान का उत्तर दायित्व होगा कि वो पदोन्नति कार्मिक को दिनांक 22.07.2023 (परित्याग प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में) को आवश्यक रूप में नवीन पदोन्नत स्थान हेतु कार्यमुक्त करेगें। पदोन्नति कार्मिक को दिनांकः 22.07.2023 तक पदोन्नति पदस्थापन स्थान पर आवश्यक रूप से कार्यभार ग्रहण करना होगा। संस्था प्रधान संबंधित कार्मिक की कार्यमुक्ति/कार्यग्रहण का इन्द्राज शाला दर्पण पर अपडेट करावें।

इनको कार्यमुक्त करने से पूर्व संबंधित संस्था प्रधान यह पुष्टि अवश्य कर लेवें कि जिस वरिष्ठता अवधि के आधार पर कार्मिक को पदौन्नत किया जा रहा है, उस अवधि के पश्चात उस कार्मिक की अन्तर्मण्डल स्थानान्तरण के फलस्वरूप पूर्व निर्धारित वरिष्ठता प्रभावित नहीं हुई हो। अन्तर्मण्डल स्थानान्तरण फलस्वरूप पूर्व निर्धारित वरिष्ठता प्रभावित होने की स्थिति में ऐसे कार्मिक को, इस कार्यालय को वस्तुस्थिति बतलाते हुए अग्रिम निर्देश प्राप्त होने पर ही कार्यमुक्त किया जावेगा।

संलग्न – सूची 08 कार्मिक

Rajasthan Education Department

(काना राम)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा/मा/संस्था/सी–5/प्राध्यापक शा.शि./डीपीसी/2022–23/ दिनांक 13/07/2023

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत् :–

01. विशिष्ट सहायक माननीय शिक्षा मंत्री (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा), राजस्थान सरकार, जयपुर।
02. विशिष्ट सहायक माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा), राजस्थान सरकार, जयपुर।
03. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
04. निजी सचिव शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान जयपुर
05. संयुक्त शासन सचिव शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग राजस्थान जयपुर।
06. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को सूचनार्थ ।
07. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक/प्रारंभिक)/प्रधानाचार्य डाईट/संस्था प्रधान को प्रेषित कर लेख है कि पदोन्नत कार्मिक के पदौन्नति आदेश विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर कार्यमुक्ति/कार्यग्रहण कराने के लिये अधिकृत होंगे।
08. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
09. संबंधित अधिकारी/कार्यालय/संस्था प्रधान को पालना सुनिश्चित करते हुए शाला दर्पण माध्यम से कार्यमुक्त/कार्यग्रहण करावें।
10. सहायक निदेशक वरिष्ठता/गोपनीय प्रतिवेदन/विभागीय जांच/शाला दर्पण/डीपीसी प्रभाग कार्यालय हाजा को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation: Director
Date: 2023.07.13 07:47:16 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No. : 4234582

क्रमांक :– शिविरा/माध्य संस्था/सी–5/प्राध्यापक शा.शि./डीपीसी–2022–23 दिनांक 13/07/2023

| क्रम संख्या | वरिष्ठता कमांक | | वरिष्ठता अवधि | नाम कार्मिक | जन्म तिथि | कर्मचारी आईडी. | वर्ग | चयन रिक्ति दिनांक | चयन वर्ग | वर्तमान पदस्थापन स्थान | पदोन्नति पर पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 77 | 0 | 1998.1999 | RADHA GOSWAMI | 07.08.1968 | RJBU199810 000763 | | 01.04.2022 | UR | GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL WARD NUMBER TEN KESHORAI PATAN (221632) BUNDI | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL CHHIPABAROD (217615) BARAN |
| 2 | 50 | 0 | 1998.1999 | LEELA DHAR NAGDA | 12.08.1971 | RJUD199837 005432 | | 01.04.2022 | UR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL NAI (223242) UDAIPUR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL NARVALI (223766) BANSWARA |
| 3 | 62 | 0 | 1998.1999 | MANISH SHARMA | 11.06.1970 | RJJP1998180 18100 | | 01.04.2022 | UR | PT. DEENDAYAL UPADHYAYA GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL RATHKHANA (218916) JAIPUR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL SANGARIA (211107) HANUMANGARH |
| 4 | 65 | 0 | 1998.1999 | BRAJ MOHAN SWAMI | 10.03.1966 | RJSK199133 005318 | | 01.04.2022 | UR | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL JAT KA JOHRA (503044) SIKAR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL CHHANIBADI (212403) HANUMANGARH |
| 5 | 79 | 0 | 1998.1999 | JAI SINGH | 15.07.1973 | RJJJ1998230 10758 | | 01.04.2022 | UR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL DEVROAD (215850) JHUNJHUNUN | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL PARLIKA (212336) HANUMANGARH |
| 6 | 81 | 0 | 1998.1999 | BHUPENDRA SINGH PARMAR | 30.04.1976 | RJBN199903 015678 | | 01.04.2022 | UR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KHODAN (223891) BANSWARA | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL TAMBESARA (223979) BANSWARA |
| 7 | 86 | 0 | 1998.1999 | KAILASH CHANDRA PURBIA | 27.08.1970 | RJUD199937 016413 | | 01.04.2022 | UR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL JHADOL UDAIPUR (223381) UDAIPUR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL SALAMGARH (217808) PRATAPGARH |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.07.13 07:47:15 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No. : 4234594

क्रमांक :– शिविरा/माध्य संस्था/सी–5/प्राध्यापक शा.शि./डीपीसी–2022–23 दिनांक 13/07/2023

| क्रम संख्या | वरिष्ठता कमांक | | वरिष्ठता अवधि | नाम कार्मिक | जन्म तिथि | कर्मचारी आईडी. | वर्ग | चयन रिक्ति दिनांक | चयन वर्ग | वर्तमान पदस्थापन स्थान | पदोन्नति पर पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 112 | 0 | 1998.1999 | OM PRAKASH VERMA | 05.12.1968 | RJJP199618027283 | SC | 01.04.2022 | SC | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL CHANDWAJI (218611) JAIPUR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KERU (219101) JODHPUR |

Rajasthan Education Department

(काना राम)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

सत्यमेव जयते

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.07.13 0[illegible]:47:15 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No. : 4234594